डब्ल्यूआइटी की छात्राओं को यूयूएसडीए करेगा प्रशिक्षित

- यूयूएसडीए के अधिकारी छात्राओं को पांच से 17 फरवरी तक प्रशिक्षण देंगे
- तकनीकी शिक्षा के साथ प्रयोगात्मक प्रशिक्षण से महिला सशक्तीकरण को संबल मिलेगा

जागरण संवाददाता, देहरादून: वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) से संबद्ध महिला प्रौद्योगिकी संस्थान (डब्ल्यूआइटी) की छात्राओं को उत्तराखंड अर्बन डेवलपमेंट एजेंसी (यूयूएसडीए) के अधिकारी प्रशिक्षण देंगे। 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पांच से 17 फरवरी तक चलेगा। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को साइट विजिट करवाया जाएगा, जिसमें वह पेयजल और सीवरेज अभियांत्रिकी का अध्ययन करेंगी और प्रायोगिक तौर पर तकनीकी बारीकियों को समझेंगी।

यूयूएसडीए के अंतर्गत वर्तमान में एडीबी वित्तपोषण से राज्य के देहरादून, हल्द्वानी, विकासनगर, नैनीताल, चंपावत, किच्छा आदि नगरों में पेयजल और स्वच्छता की मूलभूत सुविधाओं को उच्चीकृत किए जाने का कार्य गतिमान है। इसी क्रम में यूयूएसडीए की ओर से परियोजना कार्यों के संबंध में अभियांत्रिकी में महिला प्रतिभाग को बढ़ावा देने के लिए महिला प्रौद्योगिकी संस्थान की छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान पेयजल वितरण प्रणाली के तहत सर्वेक्षण, डाटा एनालिसिस, प्रपोजल तैयार करना, परियोजना प्लानिंग, डिजाइनिंग, फार्म्यूलेशन, सोर्स एनालिसिस, ट्रीटमेंट, ट्रांसमिसन, डिस्ट्रीब्यूशन, वाटर क्वालिटी टेस्टिंग, तकनीकी समीक्षा, अभिलेखों का सत्यापन और स्वीकृति आदि विभिन्न सत्रों के अंतर्गत यूयूएसडीए के अभियंता व विशेषज्ञों की ओर से प्रशिक्षित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त स्वच्छता और सीवरेज नेटवर्क प्रणाली के तहत वेस्ट वाटर इंजीनियरिंग सर्वेक्षण, डाटा कलेक्शन, टोपोग्राफी सर्वे, जियो टेक्नीकल एनालिसिस, परियोजना फिजिबिलिटी के विषय में व्यवहारिक जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही निर्माण सामग्री एवं निर्मित इंफ्रास्ट्रक्चर की क्वालिटी टेस्टिंग के साथ ही स्काडा तकनीकी में आटोमेशन की भूमिका के बारे में बताया जाएगा।

प्रशिक्षण के लिए छात्राओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए दो बैच तैयार किए गए हैं। दोनों बैचों के तकनीकी पाठ्यक्रम की छात्राओं को बंजारावाला क्षेत्र में गतिमान पेयजल और सीवरेज परियोजनाओं में प्रैक्टिकल फील्ड ट्रेनिंग दी जाएगी। जहां वे निर्माणाधीन पेयजल परियोजना के तहत ओवरहेड टैंक सहित आफिस काम्प्लेक्स, डिस्ट्रिक्ट मीटर एरिया के पेयजल नेटवर्क के अलावा निर्मित सड़कों में वाटर ड्रेनेज के संबंध में ज्ञान प्राप्त करेंगे। यूयूएसडीए के अपर कार्यक्रम निदेशक विनय मिश्रा ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि राज्य में अभियांत्रिकी शिक्षा में महिला सहभागिता को बढ़ावा मिल सके। यूयूएसडीए का उद्देश्य यह भी है कि महिलाएं पारंपरिक व्यावसायिक कार्यों के इतर तकनीकी एंव प्रौद्यौगिकी के क्षेत्र में भी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करें।